दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 13 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की प्रदेशवासियों से अपील – ईंधन की बचत के लिए जरूतर पड़ने पर ही वाहनों का उपयोग करें। कहा – प्रदेश में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता है।

02. नई दिल्ली में आज सोलहवीं पेंशन अदालत का आयोजन। सैंतीस मंत्रालयों और विभागों से संबंधित नौ सौ पचासी लंबित पेंशन शिकायतों का मौके पर ही होगा समाधान।

03. राज्यपाल सह–कुलाधिपति लेफ्निेंट जनरल– सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ने प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के लिऐ टास्क फोर्स गठित करने के निर्देश दिये

04. और, मौसम विभाग की आज जमुई, खगड़िया, बेगूसराय, दरभंगा और सहरसा सहित आस–पास के कई जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी।

————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदेशवासियों से ईंधन की बचत के लिए जरूतर पड़ने पर ही वाहनों का उपयोग करने की अपील की है। श्री चौधरी ने पटना में खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षात्मक बैठक में कहा कि राज्य में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है। इस लिए लोगों को चिंता की जरूरत नहीं है, लेकिन ऊर्जा संकट को देखते हुए नागरिकों को ईंधन बचत करनी चाहिए। उन्होंने लोगों से इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद और इसके अधिक इस्तेमाल पर भी जोर दिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और तेल कंपनियों को कॉलोनी और अपार्टमेंट में पीएनजी कनेक्शन शीघ्र उपलब्ध कराने पर तेजी से काम करने का निर्देश दिया।

————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में विस्तारित मंत्रिमंडल की प्रथम बैठक आज सुबह दस बजे से होगी। यह बैठक पटना स्थित मुख्य सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी, जिसमें कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगने की संभावना है।

————————————————————————

केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सोलहवीं पेंशन अदालत की अध्यक्षता करेंगे। इस अदालत में सैंतीस मंत्रालयों और विभागों से संबंधित नौ सौ पचासी लंबित पेंशन शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने कहा कि दो हजार सत्रह में अपनी स्थापना के बाद से पेंशन अदालतें लंबे समय से लंबित और जटिल पेंशन शिकायतों के समाधान के लिए एक प्रभावी मंच साबित हुई हैं।

---

प्रदेश में नई श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन और निगरानी के लिए जिला स्तर पर मॉनिटरिंग सेल बनाया जाएगा। श्रम संसाधन और प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग ने इस संबंध में सभी जिलों को निर्देश जारी किये हैं। इसके अनुसार नई श्रम संहिता के क्रियान्वयन के लिए कार्य स्थल पर जाकर श्रमिकों से फीड बैक लिया जाएगा। कानून का अनुपालन नहीं होने की स्थिति में कार्रवाई करने के भी निर्देश दिये गए हैं।

---

ग्रामीण कार्य विभाग ने प्रदेश में ग्रामीण हाट बनाने के लिए एक सौ छब्बीस स्थलों को चिन्हित किया है। इन स्थलों पर जल्द ही हाट बनाने का कार्य शुरू होगा। विभाग के अनुसार मनरेगा–जी राम जी योजना के तहत ग्रामीण हाट का निर्माण होना है। इन हाटों में किसानों की उपज के साथ–साथ जीविका दीदियों के उत्पादों की भी बिक्री होगी। गौरतलब है कि विभाग ने राज्य के विभिन्न जिलों– बांका, भागलपुर, दरभंगा, गोपालगंज, शिवहर और सुपौल समेत चौदह जिलों में सात सौ पच्चीस ग्रामीण हाट बनाने का निर्णय लिया है। संबंधित जिलों की ओर से अब तक चार सौ उनहत्तर स्थलों का भौतिक सत्यापन किया गया है।

---

राज्यपाल सह–कुलाधिपति लेफ्निेंट जनरल– सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ने प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के लिए टास्क फोर्स गठित करने के निर्देश दिये हैं। पटना स्थित लोकभवन में उच्च शिक्षा विभाग और सभी कुलपतियों के साथ हुई बैठक में राज्यपाल ने उच्च शिक्षा व्यवस्था के अध्ययन और सुधार संबंधी सुझावों के लिए तीन अलग–अलग टास्क फोर्स गठित करने के निर्देश दिये हैं। यह टास्क फोर्स अन्य प्रदेशों का भ्रमण कर वहां की सर्वोत्तम व्यवस्थाओं का अध्ययन करेगी।

———————————————————————————

केंद्रीय अनवेष्ण ब्यूरो– सी.बी.आई ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी दो हजार छब्बीस के कथित पेपर लीक के संबंध में मामला दर्ज किया है। जांच एजेंसी ने उच्च शिक्षा विभाग की लिखित शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि नीट–यूजी परीक्षा के संचालन में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के संबंध में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, चोरी और साक्ष्य नष्ट करने तथा सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधन निवारण अधिनियम दो हजार चौबीस के तहत अपराधों के लिए एफआईआर दर्ज की गई है। एजेंसी ने बताया कि मामले की जांच के लिए विशेष सीबीआई टीमें विभिन्न स्थानों पर भेजी गई हैं।

———————————————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई की बारहवीं परीक्षा दो हजार छब्बीस का परिणाम आज जारी होने की संभावना है। अभ्यर्थी परीक्षा परिणाम बोर्ड की वेबसाईट– **रिजल्ट्स डॉट सीबीएसई डॉट एनआईसी या सीबीएसई डॉट जीओवी डॉट आईएन** पर देख सकते हैं। बोर्ड ने कहा है कि वेबसाईट पर अत्यधिक लोड होने से विद्यार्थी डिजी लॉकर और उमंग ऐप का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। गौरतलब है कि परीक्षा परिणाम कल जारी होना था, लेकिन तकनीकी कारणों से इसे जारी नहीं किया जा सका।

———————————————————————————

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि राज्य सरकार हर गरीब बच्चे को स्कूल तक ले जाने का कार्य करेगी। गोपालगंज में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि विपक्ष को नकरात्मक राजनीति छोड़ इस काम में सहयोग करना चाहिए।

––साउंड बाइट––

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने उस वीडियो को गलत बताया है जिसमें कथित तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी नागरिकों को मुफ्त रिचार्ज, मुफ्त इलेक्ट्रिक स्कूटर, मुफ्त कार और वित्तीय सहायता देने का वादा करते दिख रहे हैं। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक यूनिट ने बताया कि यह दावा फर्जी है और वायरल वीडियो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा बनाया गया है। सरकार ने सभी नागरिकों को आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करने की सलाह दी है।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने आज जमुई, बांका, खगड़िया, बेगूसराय, दरभंगा, समस्तीपुर और सहरसा सहित कई जिलों में बारिश और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया है। इस दौरान धूलभरी आंधी चलने की भी चेतावनी जारी की गयी है।

——साउंड बाइट——

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना, जहानाबाद, नालंदा, बेगूसराय, बांका, गया और अरवल समेत प्रदेश के कई जिलों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हुई है। इस दौरान कई जगहों पर ओलावृष्टि की भी खबर है।

———————————————————————————

खान और भूतत्व विभाग ने जब्त बालू की नीलामी मॉनसून से पहले करने का निर्देश दिया है। विभाग के निदेशक मनेश कुमार मीणा ने कहा कि मॉनसून को ध्यान में रखते हुए बालू घाटों की जल्द बंदोबस्ती की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पटना में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक में उन्होंने यह जानकारी दी।

———————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने देश भर के न्यायालयों के आधुनिकीकरण का खाका तैयार करने के लिए न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने की घोषणा की है। इसके लिए सरकार से चालीस से पचास हजार करोड़ रुपये का आवंटन सुनिश्चित करने को कहा गया है। न्यायिक अवसंरचना सलाहकार समिति न्यायालयों में अवसंरचना संबंधी कमियों को दूर करेगी। यह समिति इकतीस अगस्त तक प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल को विस्तृत निष्कर्ष और आवश्यक निधि का विवरण प्रस्तुत करेगी।

———————————————————————————

शिक्षा विभाग ने जनगणना कार्य में कार्यरत शिक्षकों, प्रधान शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों का पूरा डाटा ऑनलाइन दर्ज करने का निर्णय लिया है। विभाग के अपर सचिव डॉ. बी. राजेन्द्र ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों और जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में प्रतिनियुक्त शिक्षकों की जानकारी अड़तालीस घंटे के अंदर ई–शिक्षा कोष पोर्टल पर अपलोड कराई जाए। श्री राजेन्द्र ने बताया कि भारत की जनगणना, दो हजार सत्ताईस के तहत मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के कार्य के लिए जिला, अनुमंडल और प्रखंड

स्तर पर शिक्षकों को प्रगणनक और पर्यवेक्षक बनाया गया है। लेकिन विभाग के पास इस कार्य के लिए प्रतिनियुक्त कुल शिक्षकों की जानकारी उपलब्ध नहीं है।

———————————————————————

अग्निवीर भर्ती—दो हजार छब्बीस के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट—सीईटी एक जून से पंद्रह जून के बीच आयोजित किया जाएगा। गया सेना भर्ती कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह परीक्षा निर्धारित तिथियों पर गयाजी में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए गया, औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास, अरवल, जहानाबाद, नालंदा, नवादा, लखीसराय, शेखपुरा और जमुई समेत ग्यारह जिलों से अड़तीस हजार चालीस अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

———————————————————————

राजधानी पटना में कल मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम ने बताया कि कल शाम सात बजे से सवा सात बजे के बीच पूर्व निर्धारित नागरिकों सुरक्षा अभ्यास के तहत ब्लैक आउट किया जाएगा। जिलाधिकारी ने नागरिकों से इस दौरान अपने घर, दुकानों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सभी लाइट बंद रखने की अपील की है। वहीं, अररिया जिले में भी कल मॉक ड्रिल का आयोजन होगा।

———————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए सोलह मई से रक्सौल और नरकटियागंज के बीच विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन—शनिवार और गुरूवार को चलेगी। इधर, अमृतसर—न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन फारबिसगंज, निर्मली और सरायगढ़ के रास्ते करने का फैसला किया है। रेलवे ने एक अन्य निर्णय के तहत पटना—हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का जमुई स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया है। यह ट्रेन पंद्रह मई से जमुई स्टेशन पर रूकेगी।

———————————————————————

सुपौल जिले के भपटियाही स्थित राजकीय विद्यालय में सशस्त्र सीमा बल की ओर से सुरक्षा तथा स्वास्थ्य जागरूकता स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया

गया। एसएसबी प्रशिक्षण केंद्र के उप–महानिरीक्षक विजय सिंह के मार्गदर्शन में छात्रों को सुरक्षा, भूकम्प से बचाव, रक्तस्राव नियंत्रण तथा सीपीआर की जानकारी दी गई।

——————————————————————————

अररिया जिले के महलगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत करयात पुलिस कैंप के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक चार पहिया वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की है। इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है.।

——————————————————————————

किशनगंज जिले के टेढ़ागाछ थाना क्षेत्र में पुलिस ने पशु तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बारह मवेशियों के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

——————————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। मैच रायपुर में शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा।

——————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है – दोबारा देना होगा नीट, प्रश्न पत्र लीक होने के बाद परीक्षा निरस्त।

निजी विद्यालयों की मनमानी पर दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है – निजी विद्यालयों को फीस की पूरी जानकारी सार्वजनिक करनी होगी।

दैनिक भास्कर का शीर्षक है – नौ लाख राज्य कर्मियों का वेतन बढ़ेगा। पेंशनरों को भी लाभ होगा। अखबार लिखता है – कैबिनेट को भेजा प्रस्ताव।

प्रभात खबर लिखता है – प्रदेश में सोलह मई तक जारी रहेगा आंधी–पानी का दौर।

आज अखबार की सुर्खी है – पुलिस निदेशक विनय कुमार ने कहा– दारोगा बनने पर पहली पत्नी को छोड़, दूसरी शादी की तो नौकरी जाएगी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की प्रदेशवासियों से अपील – ईंधन की बचत के लिए जरूतर पड़ने पर ही वाहनों का उपयोग करें। कहा – प्रदेश में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता है।

02. नई दिल्ली में आज सोलहवीं पेंशन अदालत का आयोजन। सैंतीस मंत्रालयों और विभागों से संबंधित नौ सौ पचासी लंबित पेंशन शिकायतों का मौके पर ही होगा समाधान।

03. राज्यपाल सह–कुलाधिपति लेफ्निेंट जनरल– सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ने प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के लिऐ टास्क फोर्स गठित करने के निर्देश दिये

04. और, मौसम विभाग की आज जमुई, खगड़िया, बेगूसराय, दरभंगा और सहरसा सहित आस–पास के कई जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।